INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 8th (3rd Lang)	Department: Hindi	Date: 01/11/2023
Q. Bank& Grammar	Topic: बसंत का आगमन उपसर्ग, प्रत्यय, अनेकार्थी, मुहावरे	Note: Pls. write in your Hindi note book

अति लघु प्रश्न-उत्तर

प्रश्न1- बगीचा कहाँ था?

उत्तर- बगीचा एक नगर में था|

प्रश्न2- बगीचे के मालिक को देखकर बच्चे क्यों डर गए?

उत्तर- बगीचे के मालिक के हाथ में मोटा डंडा देखकर बच्चे डर गए|

प्रश्न3- बगीचे के मालिक ने बच्चों को रोकने के लिए क्या किया?

उत्तर-बगीचे के मालिक ने बगीचे के चारों ओर एक पक्की दीवार बनवा दी|

प्रश्न4- बगीचे का मालिक उदास क्यों लेटा था?

उत्तर- बगीचे का मालिक उदास था क्योंकि उस साल बगीचे में बहार नहीं आई|

लघु प्रश्न-उत्तर

प्रश्न5- बसंत ऋतु में प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन दिखाई देते हैं ?

उत्तर- बसंत ऋतु के आते ही वृक्ष फूलों से लद जाते हैं| चिड़ियों की चहचहाहट,भँवरों का गुंजार सुनने और बच्चों की प्रसन्नता देखने को मिलती है|

प्रश्न6- बच्चे अकसर बगीचे में क्यों घुस जाते थे?

उत्तर- बच्चे हरी घास पर खेलने-कूदने, मौज-मस्ती करने और रसदार आडुओं का स्वाद लेने के लिए बगीचे में घुस जाते थे|

प्रश्न7- ऋतुराज बसंत क्यों नाराज था?

उत्तर- ऋतुराज बसंत नाराज था क्योंकि दीवार बनने से बच्चों का बगीचे में आकर मौज-मस्ती करना बंद हो गया था|

प्रश्न 8- आदमी ने बची हुई दीवार को क्यों गिरा दिया?

उत्तर- उस आदमी ने बची हुई दीवार को गिरा दिया ताकि उसके बगीचे में बच्चों की हँसी हमेशा गूँजती रहे और बगीचा फल-फूलों से सदा भरा रहे|

दीर्घ प्रश्न-उत्तर

प्रश्न9- एक साल बाद बसंत ऋतु के आने पर क्या हुआ?

उत्तर- जब एक साल बाद बसंत ऋतु आई तो सबके बगीचे में फल- फूल लगे पर उस मालिक के बगीचे में वीरानी छाई रही| न तो चिड़ियों की चहचहाहट सुनाई पड़ी, नही भँवरों का गुंजार और न ही आड़ू के पेड़ों में फूल लगे|

प्रश्न 10- अगली बसंत के आगमन से ठीक पहले क्या हुआ?

उत्तर- अगली बसंत के आगमन से ठीक पहले एक दिन बहुत जोर से पानी बरसा और दीवार का कुछ हिस्सा टूट कर गिर गया ,जिसे देखकर बच्चे बहुत प्रसन्न हुए| वे चुपके से बगीचे में घुसकर मज़े से खेलने लगे|

उपसर्ग

1. अप - अपमान, अपयश
2. परा - पराधीन, पराजय
3. आ - आमरण, आक्रमण
4. नि - निवास, नियम
5. उप - उपवन, उपदेश
6. वि - विदेश, विज्ञान
7. प्र - प्रदेश, प्रयोग
8. सु - सुगंध , सुशील

प्रत्यय

1. आहट - घबराहट, चिकनाहट
2. पन - बचपन, लड़कपन
3. आवट - सजावट, लिखावट
4. ईय - राष्ट्रीय, भारतीय
5. ई - अमीरी, गरीबी
6. आपा - मोटापा, बुढ़ापा
7. ता - सुंदरता, मानवता
8. कार - कलाकार, चित्रकार

अनेकार्थी

1. जड़ - मूल , मूर्ख
2. अंबर - आकाश, कपड़ा
3. अर्थ - धन, मतलब
4. पूर्व - पहले, एक दिशा (East)

5. कनक - सोना, गेहूँ
6. कर - हाथ, टैक्स
7. पत्र - पत्ता, चिट्ठी
8. तीर - बाण , किनारा

मुहावरे

1- आँखों का तारा होना (बहुत प्यारा) -यह बच्चा मेरी आँखों का तारा है।

2- चहल-पहल होना (रौनक होना) - दिवाली के कारण आज बाजार में बहुत चहल-पहल है|

3- आँखों में धूल झोंकना (धोखा देना) - ठग यात्री की आँखों में धूल झोंककर उसका सामान लेकर भाग गया।

4- घोड़े बेचकर सोना (बेफिक्र होना)-परीक्षा के बाद बच्चा घोड़े बेचकर सो गया|

5- कमर कसना (चुनौती के लिए तैयार रहना) - भारतीय सैनिक हर संकट के लिए कमर कसे रहते हैं |

6- आकाश-पाताल एक करना (बहुत परिश्रम करना) - आकाश-पाताल एक करके ही हम अपने लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं|

7- धब्बा लगाना (कलंकित करना) - राजू ने चोरी करके अपने परिवार पर धब्बा लगा दिया |

8- झाँसे में आना (धोखे में आना) - रोहन बहुत होशियार है फिर भी चोर के झाँसे में आ गया |

---000---